**खबर संक्षेप**

## 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मण्डला।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास ने ग्राम खरखरा निवासी परी की 11 मई 2024 को सर्पदंश से मुत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पिता कृपाल सिंह कुड़ापे को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की है।

## बायपास निर्माण सर्वे कार्य का अधिकारियों ने लिया जायजा



**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशन में राजस्व अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अनूपपुर जिला मुख्यालय का परिवहन दबाव कम करने के उद्देश्य से बायपास रोड बनाए जाने का कार्य प्रगति पर है। कार्य के लिए भूमि के सर्वे एवं जांच का कार्य किया जा रहा है। बाईपास भूमि के सर्वेक्षण कार्य का विगत दिवस राजस्व अधिकारियों द्वारा निरीक्षण सर्वे एवं जांच के संबंध में अधीनस्थ कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बायपास रोड के निर्माण कार्य हेतु राजस्व एवं निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर आज आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**अनूपपुर।** 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम जिले के नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में आयोजित किए जाएंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रभारी उप संचालक के.के. सोनी ने बताया है कि 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर नशा मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास की शपथ व विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता के संदर्भ में बच्चों के प्रति अपनों के नाम के माध्यम से परिवार व आस-पास के लोगों की निर्धारित प्रपत्र में नशामुक्त समाज का संकल्प पत्र में सहमति ली जाएगी।

## लोकसभा निर्वाचन के परिपेक्ष्य में लेखा समाधान बैठक 30 जून को

**अनूपपुर।** लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों के अनुरूप निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 26वें दिन अभ्यर्थियों/ निर्वाचन एजेंट को निर्वाचन व्यय की विवादित मदो की लेखो का समाधान हेतु बैठक आयोजन का प्रावधान है जिसके तारतम्य में 4 जून 2024 को परिणाम की घोषणा के 26 वें दिन यानी 30 जून 2024 को लेखा समाधान की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में प्राप्त 11 से आयोजित की गई है बैठक में सभी अभ्यर्थियों से उपस्थित के संबंध में अपील की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए रिटर्निंग ऑफिसर 12- शहडोल (अजजा) एवं कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने दी है।

# सर्व हिन्दु समाज के आव्हान पर गौवंश हत्या के विरोध में मंडला बंद

मण्डला

मंडला बंद के समर्थन में नगर समेत अन्य क्षेत्रों के व्यापारियों ने पूर्ण समर्थन दिया। जिसके बाद 25 जून को संपूर्ण मंडला बंद रहा। सुबह से शाम तक आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी प्रतिष्ठान, दुकानें बंद रही। सर्व हिंदू समाज की अगुवाई में सुबह 8 बजे सभी लोग बड़ चौराहा में एकत्र हुए। जहां से सभी दुकानदारों ने अपनी पूरी दुकान बंद कर वाहन रैली में सहभागिता दी। रैली बड़ चौराहे से चिलमन चौक, बस स्टैंड, लालीपुर से कटरा, पॉलिटेक्निक कॉलेज, झंडा चौक, बिंझिया चौराहा, नेहरू स्मारक, रपटा रपटा, महाराजपुर से वापसी होते हुए दयोदय गौशाला में इस रैली का समापन किया गया। यहा गौ माता का पूजन करके लड्डू आदि का भोग लगाया गया। इस दौरान मंडला कोतवाली प्रभारी शफीक खान ने रैली के आगे चलते हुए शांतिपूर्ण बंद में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये। सभी चौराहों में पुलिस तैनात रही। बताया गया कि विगत दिवस सिवनी जिले में गौ माता की निर्मम हत्या का विरोध चहुओर किया जा रहा है। इस घटना से सभी हिन्दुओं में आक्रोश भी व्याप्त है। जिसके विरोध में संपूर्ण मंडला बंद का आव्हान किया गया। इस आव्हान के बाद बंद का असर जिले के बिछिया और निवास में भी देखा गया। वहीं मंडला, बिछिया, निवास और नारायणगंज में रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मंडला बंद को जिले के विभिन्न व्यवसायिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने समर्थन दिया। जिसकी वजह से नगर की सभी दुकानें सुबह खुली ही नहीं। बाजार पूरी तरह बंद रहा। मेडिकल, पेट्रोल पंप जैसे आवश्यक सेवा को छोड़कर चाय, पान की दुकानें समेत सभी छोटी, बड़ी दुकाने स्वेच्छिक रूप से बंद रही। जिसकी वजह से सडकों में सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर 03 बजे के बाद बड़ चौराहे से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली गई। सर्व हिन्दु समाज की रैली में सामाजिक, व्यवसायिक और धार्मिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए। नारेबाजी करते हुए यह रैली कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां मुख्यमंत्री के नाम 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।





### ये है सर्व हिन्दू समाज की मांग :

सर्व हिन्दु समाज ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि गौ वंश की तस्करी, गौ मांस का विक्रय, गौ हत्या करने वाले अपराधियों को रासुका के अंतर्गत मृत्युदंड की सजा दी जाए। उपरोक्त अपराध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहयोगियों को शासन की समस्त योजनाओं के लाभ से वंचित कर तत्काल आजीवन कारावास जैसे कठोर दंड की सजा दी जाए। गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाए। जिला मंडला के हर विकासखंड और जिला मुख्यालय में गौ माता चौक बनाए जाने के लिए शासन प्राथमिकता देते हुए प्रशासन का सहयोग मिले। सड़कों पर घूम रहे पशु के मालिकों पर कानूनन कार्रवाई हो। प्रशासन गौचर भूमि चिन्हित कर उसे सुरक्षित करे। धार्मिक नगरी मंडला में सभी धर्मों के लोगों के बीच सौहाद्र वातावरण हमेशा बना रहे। इसके लिए सोशल मीडिया में संबंधित विषयों पर भ्रामक वातावरण फैलाने वालो पर तुरंत कार्रवाई हो। मांस विक्रय से संबंधित प्रतिष्ठान (दुकान, होटल, बिरयानी सेंटर, रेस्टोरेंट, बार ) में बगैर बताए धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने के उद्देश्य से जानबूझकर गौ मांस मिलाकर न बेचा जा रहा हो। इसलिए ऐसे समस्त प्रतिष्ठानों पर समय-समय पर शासन नियमित जांच करे।

# बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार के लिए 25 जून से 27 अगस्त तक चलेगा दस्तक अभियान

**मण्डला।** दस्तक अभियान का शुभांरभ जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना एवं जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट द्वारा किया गया। 25 जून से 27 अगस्त 2024 तक संचालित होने वाले इस अभियान में बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार, रेफरल का प्रबंधन किया जायेगा। दस्तक अभियान का प्रमुख उद्देश्य बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना है।

### जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों की होगी जाँच

दस्तक अभियान के प्रथम चरण के दौरान स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ता के संयुक्त दल द्वारा जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों के घर-घर जाकर, उनकी चिकित्सीय जांच एवं आवश्यक उपचार, प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु अनेक गतिविधियां की जायेंगी जिसमें 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान रेफरल एवं प्रबंधन, समुदाय में बीमार नवजातों और बच्चों की पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल आदि कार्यवाही की जाएगी। अभियान के दौरान 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों में एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रोटोकॉल आधारित प्रबंधन, 9 माह से 5 वर्ष के समस्त बच्चों को आयु अनुरूप विटामिन ए अनुपूरण, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण हेतु ओआरएस एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता में बढ़ावा देते हुए प्रत्येक घर में गृह भेंट के दौरान ओआरएस प्रदान किया जाएगा।




### होगी जन्मजात विकृतियों की पहचान

5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल, बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब की पहचान एवं उनका आरबीएसके कार्यक्रम से संबंद्धीकरण किया जाएगा। इसी प्रकार 5 वर्ष तक के आयु वाले बच्चों में श्रवण बाधित एवं दृष्टिदोष की पहचान, पुष्टि कर आरबीएसके कार्यक्रम में पंजीयन कर उपचारित करने के साथ ही समुदाय में समुचित शिशु एवं बाल आहार पूर्ति संबंधी समझाईश दी जाएगी।

# गौवंश की हत्या के विरोध में नारायणगंज निवास में ज्ञापन



**निवास।** सिवनी जिले में हुए गोवंश की हत्या के विरोध में जिले भर में प्रदर्शन जारी है और हिंदूवादी संगठनों द्वारा दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग लगातार की जा रही है । इसी क्रम में मंगलवार को सर्व हिंदू समाज को लेकर नारायणगंज व निवास में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार/ अनुविभागीय अधिकारी नारायणगंज को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई है कि गौवंश की हत्या करने वाले दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा आगे ऐसे कृत्य ना हो जिसके लिए कड़ा कानून बनाकर गौ हत्या पर फांसी की सजा का प्रावधान रखा जाए। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व सिवनी जिला के धनौरा व धूमा थाना के अंतर्गत असमाजिक तत्वों ने आधा सैकंड़ा से अधिक गौवंश की हत्या कर नदी व जंगलो में फेका गया था, जो कि इनकी क्रूर मानसिकता को दर्शाता है, हिन्दू समाज इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता है। घटना को अंजाम देने वाले तत्वों द्वारा सामाजिक सौहद्र को बिगाडने व समाज में मतभेद पैदा करने का षडयंत्र प्रतीत होता हैं , प्रशासन से मांग की गई है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए , ज्ञापन सौपते वक्त गो सेवा संगठन के सदस्य और समाजसेवी मौजूद रहे जिनमें गया चक्रवर्ती, मुकेश नामदेव, सूरज सोनी,बेनी लाल सिगरौरे बन्टू , प्रशांत सोनी,कपिल सिगरौरे, मृदु साहू, नमन तिवारी, राजुल ज्योतिषी, अनिल यादव तथा अन्य सनातन प्रेमी उपस्थित रहे।



# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 64 आवेदकों की समस्या

**मण्डला।** मंगलवार को हुई जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने अलग-अलग अनुविभागों से आए आवेदकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याओं का परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके समुचित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करें। जनसुनवाई में कुल 64 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में बड़ी खैरी निवासी महेश कुमार गोटिया ने लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ दिलाने के संबंध में, ग्राम हिरदेनगर निवासी कुन्जी लाल डोंगरे ने नल जल योजना के संबंध में, बम्हनी बंजर निवासी संदीप चौरसिया ने कृषि सम्मान निधि की राशि दिलाने के संबंध में, ग्राम गौंझीमाल निवासी संतोष सोनी ने मेटेरियल भुगतान के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

### दिव्यांग नीलू को मौके पर ही मिली बैशाखी -

ग्राम देवदरा निवासी दिव्यांग नीलू सारथी ने जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत करते हुए वैशाखी की मांग की। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने परीक्षण उपरांत मौके पर ही नीलू को वैशाखी प्रदान किया। आवेदक को कृत्रिम उपकरण सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं के तहत प्रदान किए गए। समस्या के त्वरित निराकरण के लिए नीलू ने जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मानवता की सेवा के लिए रक्तदान शिविर 28 जून को



*संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में 15 वें रक्तदान शिविर का होगा आयोजन*

**मण्डला।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में 28 जून शुक्रवार को विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन किया जा रहा है,सतगुरु माता सुदीक्षा जी का उपदेश है कि इंसान का खून इंसान के काम आए,प्रतिवर्ष की भांति यह शिविर संत निरंकारी भवन बिंझिया में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित है,संस्था के सदस्यों ने इस नेक पहल में अधिक से अधिक नागरिकों से इस शिविर में शामिल होकर रक्तदान में सहभागी बनने की अपील की है, ज्ञात होवे कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा मानवता की सेवा के लिए समय समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य है कि शिविर के माध्यम से एकत्रित रक्त यूनिट किसी जरूरत मंद के काम आ सके, इसी श्रृंखला में रक्तदान शिविर के एक दिन पहले 27 जून को शाम 4 बजे जागरूकता वाहन रैली निकाली जाएगी जो कि शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई नागरिकों को रक्तदान के लिए जागरुकता संदेश देगी एवं रक्तदान करने की लिए प्रेरित करेगी।

# सम्पूर्ण बंद रहा भुआबिछिया



**भुआबिछिया।** सिवनी जिले के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों में लगभग 54 गौवंशो की हत्या कर फेंके जाने की घटना से आहत हिंदू समाज और गौवंश संरक्षक विभिन्न संगठनों के आव्हान पर मंगलवार को भुआ बिछिया सम्पूर्ण बंद रहा। सर्व प्रथम विनोद रंगमंच (रामलीला मैदान) में सनातन हिन्दू समाज ने धरना दिया। शांतिपूर्ण तरीके से नगर भ्रमण किया गया । तत पश्चात मुख्यमंत्री के नाम से तहसीलदार बिछिया को ज्ञापन सौंपा गया।

हिंदूवादी संगठनों एवं सनातन परंपरा के अनुयायियों ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है,गौ माता सनातन काल से ही हमारी पूज्यनीय है, लेकिन अराजक तत्वों द्वारा गौ तस्करी एवं हत्या करके हमारी धार्मिक भावनाओं को हमेशा आहत किया है। नैनपुर विकास खंड के भेंसवाही में प्रशासनिक कार्यवाही सराहनीय है, जिसका असर हैदराबाद तक हुआ है, लेकिन सिवनी जिले के अलग अलग ग्रामों में 56 गौ माता की गला रेत कर की गई नृसंहार हत्या प्रदर्शित करती है, की समुदाय विशेष को न ही कानून का डर है, और न ही अपने होने वाले हश्र का। ज्ञापन में मांग है,जल्द से जल्द समस्त बूचड़खानों के लायसेंस निरस्त किये जायें एवं गौवंश हत्या में शामिल अपराधियों को आजीवन कारावास या फांसी की सजा का प्रावधान किया जाये , उनके परिवारों को समस्त शासकीय योजनाओं से वंचित किया जाये। गौवंश अधिनियम कानून बनाकर होने वाली गौ माता की हत्या रोकी जा सकती है। हर ब्लाक में एक गौशाला खोलें जाने की मांग भी की गई है।

## पहचान हेतु मुख्य रूप से आधार का उपयोग करने के निर्देश

**मण्डला।** श्रम पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा समस्त विभागों को राज्य प्रायोजित डीबीटी योजनाओं में हितग्राहियों की पहचान हेतु मुख्य रूप से आधार का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। मंडल द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में पारदर्शिता हेतु निर्माण श्रमिक पंजीयन तथा योजनाओं के आवेदन के समय ईकेवाईसी तथा योजनाओं अंतर्गत हितलाभ वितरण आधार आधारित भुगतान प्रक्रिया के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। उक्त व्यवस्था अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक/हितग्राही की आधार ईकेवाईसी कराए जाने के पश्चात ही किसी भी योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। पंजीकृत श्रमिक/हितग्राही के बैंक खाते का आधार से लिंक होना अनिवार्य है। हितग्राही को योजना अंतर्गत सहायता राशि का भुगतान आपके द्वारा ईपीओ जारी कर डिजीटल साईन के पश्चात हितग्राही के आधार लिंक बैंक खाते में ही प्राप्त होगा।

## रोजगार मेला 28 को नगरपालिका टाऊनहॉल में

**मण्डला।** जिला रोजगार कार्यालय मण्डला द्वारा रोजगार मेला का आयोजन 28 जून 2024 को नगरपालिका मण्डला के टाउन हॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। युवक-युवतियों जिनकी उम्र 18-35 वर्ष एवं योग्यता-कक्षा 8वी से स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण हो तथा निजी क्षेत्र में रोजगार हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार मेले में अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, दो फोटोग्राफ, रोजगार पंजीयन एवं अन्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

## 8 जुलाई तक होंगे एमपीटी क्विज के पंजीयन

**मण्डला।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 27 जुलाई को संपन्न होगी। जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी बरकड़े ने बताया कि जिले के कक्षा 9वी से 12वी तक के विद्यार्थियों को पर्यटन एवं संस्कृति से परिचित कराने के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक स्कूल से एक टीम आमंत्रित की गई है। 27 जुलाई को लिखित परीक्षा के बाद 6 टीमें चयनित कर मल्टीमीडिया क्विज का आयोजन किया जाएगा। इन समस्त टीमों को मध्यप्रदेश के पर्यटक स्थलों को घूमने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता के लिए पंजीयन ऑनलाइन प्रारंभ हो चुके हैं, जिसकी लिंक सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालयों को प्रेषित की जा चुकी है। पंजीयन की अंतिम तिथि 8 जुलाई 2024 है। सभी शासकीय-अशासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल अपने-अपने विद्यालय के 3 छात्रों की एक टीम का पंजीयन निर्धारित तिथि के पूर्व कराएं।

## तत्काल वैशाखी पाकर नीलू ने जिला प्रशासन के प्रति किया आभार व्यक्त

**मण्डला।** जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की समस्या सुनने के लिए प्रति मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित होता है। जनसुनवाई में आवेदक अपनी समस्या के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराते हैं। दिव्यांगों के लिए जनसुनवाई महत्वपूर्ण बन गई है। दिव्यांग आवेदक अपनी समस्या एवं कृत्रिम उपकरणों के बारे में जिला प्रशासन को अवगत कराते हैं। जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय विभाग दिव्यांग आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संवेदनशीलता के साथ में निराकरण किया जाता है। ऐसा ही एक मामला 25 मई 2024 को आयोजित हुई जनसुनवाई में आया। ग्राम देवदरा निवासी दिव्यांग नीलू सारथी ने वैशाखी के लिए आवेदन किया। सामाजिक न्याय विभाग के पीयूष पांडे बताते हैं कि नीलू के वैशाखी के लिए मिले आवेदन पर जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर आवेदक को तत्काल वैशाखी प्रदान की गई। नीलू कहता है कि मैंने मंगलवार के दिन जनसुनवाई में आवेदन देकर वैशाखी मांगी और मुझे उसी दिन वैशाखी मिल भी गई, मैं बहुत खुश हूँ। वैशाखी से मेरी समस्याओं में बहुत राहत होगी और अब मैं अपने जरूरी काम बड़ी आसानी से कर पाउंगा।

## खबर संक्षेप

### बाईक पर सागौर चरपट की तस्करी करने वाले आरोपी को पकड़ने हासिल की सफलता

**चीचली।** क्षेत्र में लगातार हो रही सागौन की कटाई तथा उसके परिवहन को रोकने के लिये वन मंडल अधिकारी के निर्देशन तथा उप वन मंडल अधिकारी तथा गाडरवारा परिक्षेत्र अधिकारी के मार्ग दर्शन में लगातार रात्री कालीन गस्त करते हुये पेहरा दिया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस वन रक्षक मनीष तिवारी, सचिन कटारे, सतीश शर्मा, उमेश ठाकुर, वाहन चालक योगेश वर्मा तथा नारायण वर्मा द्वारा सरकारी वाहन क्रमांक एम पी 02 ए व्ही 6217 से जंगल क्षेत्र में गस्त की जा रही थी उसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक व्यक्ति अपनी मोटर साईकिल पर कुछ सागौन की चरपट जंगल मार्ग से ले जा रहा है। इस सूचना के आधार पर गस्त टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान क्षेत्र हीरापुर के पास एक युवक को अपनी मोटर साईकिल क्रमांक एम पी 38 सी 5567 पर सागौन चरपट के दो नग ले जाते हुये पकड़कर जब युवक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम धनराज उर्फ पप्पू पिता उत्तम विश्वकर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम हीरापुर बताया गया। इस तरह अवैध रूप से मोटर साईकिल पर सागौन चरपट ले जाते हुये पकड़े गये युवक के पास से पुलिस ने मोटर साईकिल सहित सागौन चरपट जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ वन अपराध क्रमांक 3188/23 दिनांक 24/06/2024 के तहत मामला कायम करते हुये वाहन लकडी सहित डिपो गाडरवारा में अपनी सपुर्दगी में खड़ा किया गया है।

### सर्व ब्राम्हण महासभा द्वारा किया शंकराचार्य जी की पदूका पूजन

**गाडरवारा।** नगर में पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य सदानदं जी सरस्वती महाराज का बीते हुये दिनों नगर में आगमन होने के अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में पतलोन रोड स्थित महासभा के भवन निर्माण स्थल पर शारदा द्वारका पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य का भव्य स्वागत करते हुये पादूका पूजन किया गया। बताया जाता है कि इस अवसर पर महाराज श्री के पादुका - पूजन का कार्यक्रम बड़े ही भक्ति भाव और गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ नगर के विद्वान पंडितो द्वारा स्वस्तिवाचन का सस्वर सामूहिक पाठ किया गया। वही भवन निर्माण स्थल पर चल रहे कार्यो पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महाराज श्री ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर महासभा के अध्यक्ष महेश अधरुज ने निर्माण कार्यों की जानकारी से महाराज श्री को अवगत कराया गया। बताया जाता है कि कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी ,संरक्षक मंडल, मार्गदर्शन मंडल सहित बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग उपस्थित थें।

### तेज गति से भाग रही चार पहिया गाड़ी ने बाइक सवारों को ठोंका

**गाडरवारा।** सड़को पर जिस तरह लापरवाही पूर्वक वाहन दौडाने वालों द्वारा दूसरों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस सालीचौका पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत देखने मिली है जहां पर तेज गति से भाग रही एक चार पहिया गाड़ी ने बाइक सबारों को ठोक दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खमरिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं बीते हुये दिवस अपने भाई कामता प्रसाद लोधी और दोस्त महेश मेहरा के साथ हम तीनों मजदूरी करने के लिये मोटर साईकल से गाडरवारा से सालीचौका जा रहे थे । उसी दौरान जब हम लोग नादनेर ढाबा के पास पहुंचे तभी हमारी पहचान के भैयाजी धानक एवं साकिर खान मिले तो तब हमने मोटर साइकिल रोड के किनारे खडी कर उनसे बात करने लगे तभी एक चार पहिया वाहन कार क्रमांक MP 04 C 8960 का चालक अपने वाहन को तेज गति लापरवाही पूर्वक व खतरनाक तरीके से चलाते हुये आया और मो.सा. पर बैठे कामता प्रसाद लोधी, महेश मेहरा एवं उनके साथ में खडे भैयाजी धानक सहित साकिर खान को टक्कर मार दिया।

## कृषि मंडी परिसर में कॉलोनी की नालियों के गंदे पानी के चलते

# किसानों का सांस लेना हो रहा है दूभर






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के जवाहर कृषि मंडी प्रशासन की उदासीनता के उदाहरण जिस प्रकार से आये दिन देखने मिल रहे है उससे यह जान पड़ने से नही चूक पा रहा है कि शायद इस मंडी का भगवान ही मालिक है? क्योंकि मंडी प्रशासन के पास जिस प्रकार कई एकड़ जमीन तो उलब्ध है। मगर वह उसका रख रखाब करने में जिस प्रकार से मंडी प्रशासन द्वारा उदासीनता बरते हुये देखी जा रही है उसके चलते जहां मंडी की जमीन अतिक्रमण की भेंट चढ़ने से नही चूक पा रही है तो दूसरी ओर लोगों द्वारा इस समय मंडी परिसर को ही वाहन स्टेन्ड का रूप देने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। वही देखने मिल रहा है की भले ही मंडी प्रशासन द्वारा अपनी जमीन को सुरक्षित करने के उद्देश्य से बीते हुये कुछ वर्ष पूर्व लाखो की राशि खर्च करते हुये बाउन्ड्री बाल का निर्माण तो जरूर था। मगर इस बाउन्ड्री बाल के रख रखाब के प्रति बरती गई उदासीनता का परिणाम इस तरह से बना हुआ है कि लाखों रूपया की लागत से बनी हुई यह बाउन्ड्री बाल जहां तहां से टूटी होने के कारण मंडी परिसर में शाम होते ही जिस प्रकार से असामाजिक तत्वों का बोल बोला हो जाता है उसके चलते यह मंडी परिसर कम शराब खोरी करने वालों का अड्डा अधिक दिखाई देने लगता है। वही दूसरी ओर मंडी की भूमि पर जिस तरह लोगों द्वारा अपना कब्जा जमाये जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी सबालों के घेरे में आने से नही चूक रही है? इस बात की सच्चाई मंडी परिसर में लगे हुये दूर दर्शन टाबर वाले क्षेत्र में आसानी से देखने मि रही है। बताया जाता है कि यहां की बाउन्ड्री बाल लगातार कायब होते चली जा रही है तो दूसरी ओ मंडी परिसर की सीमा के अंदर ही एक सेल फोन की निजी कंपनी द्वारा जिस प्रकार से अपने खम्बे स्थापित करते हुये लाईन डाली गई है वह चर्चा का विषय बनने के साथ साथ मंडी के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका को सबालो के घेरे में लाने से नही चूक रही है? क्योंकि इस तरह मंडी भूमि पर कोई भी कंपनी बगैर विभाग के अधिकारियों की मिली भगत के अपने खम्बे लगाने से तो रही तो फिर सबाल यह पैदा हो रहा है कि आखिर मंडी की जमीन पर किस अधिकारी की अनुमति से यह खम्बे स्थापित किये गये है..? इस तरह लगातार बदहाली का शिकार हो रही मंडी की व्यवस्थाओ के चलते मंडी में अपना अनाज विक्रय करने आने वाले किसानों को दहशत में देखा जाने लगे है..? वही दूसरी ओर मंडी वोर्ड द्वारा व्यापारियों से लेकर किसानों को अपना अनाज सुरक्षित रखने के लिये हर वर्ष लाखों रूपया खर्च तो जरूर किये जाते है। मगर लगातार निर्मित हो रही इस मंडी की संपत्ति को लेकर जिस प्रकार से मंडी प्रशासन द्वारा उदासीनता बरती जा रही है उसके चलते मंडी वोर्ड द्वारा खर्च की जा रही यह राशि मात्र सरकारी धन की होली खेलने के समान दिखाई देने के आलवा और कुछ साबित होते दिखाई नही दे पा रही है? बताया जाता है कि मंडी प्लेट फार्मो के ठीक पीछे से लेकर व्यापारियों की बनी हुई गोदामों सहित जिस क्षेत्र में दूर दर्शन टाबर स्थापित है वहां पर बने हुये मंडी के गोदाम भवनों के जिस तरह कालोनियों का गंदा पानी पहुंच रहा है उसके चलते इन गोदामों की सुरक्षा भगवान भरोसे दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर यहां पर एकत्र होने वाले गंदे पानी के चलते मंडी की बाउन्ड्री के अंदर वाला पूरा क्षेत्र दलदल के रूप में दिखाई देने लगा है। वही एकत्र हो रहे गंदे पानी के कारण यहां पर अनेक प्रकार की झाडी तो ऊग ही रही है तथा गंदा पानी भरा रहने के कारण जहरीले जीव जंतु सहित मच्छर पैदा होने से नही चूक रहे है। इस प्रकार कालोनियों से निकलने वाला गंदा पानी मंडी की इन गोदामों के पास एकत्र होने से जहां लाखों रूपया की लागत से बनी हुई शासकीय गोदाम भवनों को क्षति पहुंचाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है तो दूसरी टूट रही बाउन्ड्री बाल के कारण मंडी की सुरक्षा व्यवस्था भी भगवान भरोसे होती चली जा रही हैं। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को भी ग्रहण लगते हुये देखा जा रहा है। बताया जाता है कि इस समय मंडी भूमि के आस पास बनी हुई अनेक कालोनियों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिये नालियों को सीधे मंडी बाउन्ड्री के अंदर ही जोड दिया गया है जिससे मंडी भूमि जहां एक तालाब के रूप में दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर इस गंदी पानी का लगातार एकत्र होने के कारण मंडी की यह गोदामे भी इस गंदी पानी से डूबती हुई नजर आने लगी है जिससे निश्चित तौर से जहां गोदाम के अंदर सीडन जैसे स्थिति बनने के कारण उन्हें क्षति पहुंचने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वही दूसरी ओर जहां तहां से टूटी पड़ी हुई बाउन्ड्री बाल के चलते लोग धडल्ले से मंडी परिसर में प्रवेश करने से नही चूक रहे है। इसी का परिणाम है कि शाम के वक्त तो मंडी परिसर इस प्रकार से बन जाता है कि वह मंडी कम व शराब खोरी का अड्डे के रूप में अधिक दिखाई देने लगता है। क्योंकि कालोनियों के आस पास टूटी पड़ी हुई बाउन्ड्री के चलते शराब पीने वालों के लिये मंडी परिसर में प्रवेश करने के लिये आसानी से रास्ता उलब्ध हो जाने के कारण अधिकांश शराब पीने के शोकिन शराब खोरी करने के लिये मंडी परिसर को ही सबसे अधिक सुरक्षित मानने लगे है। इस स्थिति के चलते मंडी में अपना अनाज विक्रय करने आने वाले किसान अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हुये दहशत में दिखाई देने से नही चूक रहे है? इस तरह मंडी की भूमि पर निजी कंपनी द्वारा स्थापित किये गये अपने खम्बों को लेकर जिम्मेदार कौन है...?



## स्पीड ब्रेकर जानलेवा साबित होने के साथ वाहनों को पहुंचा रहे क्षति

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** किसी भी नगर क्षेत्र की सड़को से लेकर अन्य आमजन की सुविधाओं की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होती है। जहां पर किसी सुविधा की कमी होती है तो वहां पर व्यवस्था बनाई जावे और किसी जगह कोई परेशानी पैदा हो रही है तो वहां पर सुधार कार्य किया जावे? मगर इस दिनों नगर पालिका क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह लोगों द्वारा मनमर्जी के मुताबिक अपने घरों में सामने स्पीट ब्रेकरों का निर्माण कार्य किया जा रहा है उसके चलते आम लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने के साथ वाहनों को जहां क्षति पहुंचने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता पूर्ण सच्चाई उजागर होने से नही चूक पा रही है? जबकि गौर किया जावे तो इस तरह सड़को पर बनाये जाने वाली स्पीट ब्रेकरों को लेकर तो मा. उच्च. न्यायालय द्वारा भी रोक लगाई गई। वही दूसरी ओर यदि अति जरूरत पर कही स्पीट ब्रेकर का निर्माण किया भी जाता है तो उसके लिये संबंधित संस्था से अनुमति लेकर स्पीट ब्रेकर के मापदंडो का पालन करते हुये निर्माण के बाद संकेतिक सूचना स्थापित की जाती है। मगर नगर की मुख्य सड़कों से लेकर कालोनियों व कुलियों में जिस तरह लोगों द्वारा अपनी मनमर्जी के मुताबिक स्पीट ब्रेकरों का निर्माण किया जा रहा है उसको लेकर नगर पालिका प्रशासन पूर्णरूप से उदासीन होने के साथ साथ अनजान बना हुआ है। इस तरह मा. उच्च न्यायालय के आदेशों की अव्हेलना करते हुये मन मुताबिक बनाये जाने वाले स्पीट ब्रेकरों के चलते आम लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने के साथ साथ लोगों के वाहनों को क्षति पहुंचने से नही चूक रही है। मगर हैरत की बात है कि जिन मुख्य मार्गों से लेकर कालोनी की गलियों का कुलियों में बनाये गये इन स्पीट ब्रेकरों से जहां प्रतिदिन नगर पालिका प्रशासन की कचरा एकत्र करने वाली गाड़ियों से लेकर अधिकारियों का आना जाना होता रहता है। वही दूसरी ओर नगर पालिका द्वारा जिस तरह दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की जो फौज तैयार की गई है उसका भी आना जाना होने के बाद भी इस ओर ध्यान न देना निश्चित तौर से नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता पूर्ण कार्य शैली को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है? क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि जब नगर में लोगों के घरों का निर्माण होने या फिर सड़क के इस पार से उस पार कोई लाईन ले जाने के लिये पक्की सड़क की खुदाई की जाती है तो उसके बाद आवास निर्माण की सामग्री बच जाती है उसके माध्यम से लोग अपने घरों के सामने स्पीट ब्रेकर बना देता है। इस बात की सच्चाई देखी जावे तो इस समय नगर के पुरानी गल्ला मंडी पीछे से होकर जगदीश मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर लगभग चार जगह इतनी ऊंचाई बाले स्पीट ब्रेकर बनाये गये है जिनके ऊपर से जब कोई भी वाहन निकलता है तो लोगों को चोटे लगने से नही चूक पाती है तो दूसरी ओर कोई स्कूटी हो या फिर किसी की कार निकलते है तो उसका निचला भाग इन स्पीट ब्रेकरों में टकराने से वाहन को क्षति पहुंचने से नही चूक पाती है। इसी तरह नगर के टेलीफोन कार्यालय के पीछे वाली कालोनी, विजय कालोनी के आलवा नगर में अनेक जगहों पर मन मुताबिक लोगों द्वारा बनाये गये इन स्पीट ब्रेकरों के चलते आये दिन वाहन फिसलने के चलते लोगों को घायल होते हुये देखा जाना आम बात होने लगी है। नगर के लोगों द्वारा नगर पालिका प्रशासन के साथ साथ जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की गई है कि मा. उच्च न्यायालय के आदेशों की अव्हेलना करते हुये मन मुताबिक बनाये गये इन स्पीट ब्रेकरों को हटाने की कार्यवाही की जावे जिससे वाहन चालकों की जिन्दगी व उनके वाहन सुरक्षित रहे सके।

## क्या इस वर्ष भी अधूरा रह जावेगा सांईखेड़ा की छात्राओं का अलग शासकीय कन्या हाई स्कूल खुलने का सपना, तो फिर छात्रों के बीच बैठकर पढ़ाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा कन्याओं को...?




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सरकार कन्याओं को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रति वर्ष करोड़ो रूपया खर्च करते हुए नई नई योजनाएं चलाकर उनका भला करने की सोच रखे हुए है। वही दूसरी ओर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी सरकार द्वारा कानून को सख्त बनाने के साथ साथ उन्हें अलग अलग व्यवसथायें उपलब्ध कराने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो इन सब योजनाओं के बाद भी दादा धूनी वाली की नगर की अनेक होनहार छात्राओं के लिये यहां पर अलग से शासकीय कन्या विद्यालय नही होने के कारण उन्हें छात्रों के बीच बैठकर पढ़ाई करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है। यह बात अलग है कक्षा बारहवी के बाद बाहर पढ़ने जाने वाले छात्र छात्राओं के लिए क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि कीी पहल पर बीते हुये वर्षो में इस नगर को महाविद्यालय की सौगात तो मिल गई है। मगर हाई व हायर सेकेण्डरी स्तर पर पढ़ाई करने वाली छात्राओं के लिए अलग से कन्या शाला न होने के कारण अनेक छात्राएं छात्रों के बीच पढ़ाई करना पंसद नही किये जाने के कारण वह अपनी शिक्षा से बंचित होते हुये देखी जा रही है? इस संबंध में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रदेश के मंत्रियों तक दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में कन्या हाई स्कूल खोलने की मांग करते हुए अब यहां के निवासियों के मुंह का थूक ही सूखने लगा है। मगर यह मांग आज तक पूरी नही हो पाई है...। क्षेत्र के लोगों को हर वर्ष उम्मीद जागती है कि शायद यह सौगात इस वर्ष मिल जावेगी मगर जब शिक्षा सत्र की पुरानी ही स्थिति में शुरूआत होती है तो सब कुछ जैसे का तैसा दिखाई देने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की उम्मीद इस वर्ष भी जाग रही थी कि शायद इस वर्ष शुरू होने वाले नये शिक्षा सत्र से यह सौगात उन्हें मिल सकती है, जिसके चलते यहां के छात्राओं द्वारा छात्रो से अलग बैठकर अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए अपने अनेक प्रकार के सपने सजोकर रख लिये गये थें? मगर अभी तक इस ओर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही तथा प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू होते हुए नही देखी जा रही है, जिसके चलते अब अनुमान लग रहा है कि शायद यहां उन छात्राओं को शिक्षा से बंचित रहना बडेगा जो छात्रो के बीच बैठकर पढ़ाई करना उचित नही समझ रही है? जबकि इस क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो तहसील मुख्यालय गाडरवारा से लगभग 20-25 किलो मीटर दूर माँ नर्मदा के नजदीक स्थित प्रगतिशील तथा धूनी बाले दादा जी के नाम से प्रसिद्ध नगर पंचायत सांईखेड़ा में बालिकाओं को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अलग से शासकीय कन्या शाला होने की जरूरत महसूस की जा रही है, जिसको लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी एवं जागरूक सांईखेड़ा के लोग बालिकाओं को अच्छी दिलाना चाहते हैं। तेजी से विकसित हो रहे इस ग्राम की आबादी एवं छात्राओं के अनुसार शासन बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाएँ संचालित कर रहा है। ऐंसे में प्रगति शील कस्बों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्राओं को अलग कन्या शाला की व्यवस्था भी करनी चाहिए, इसके आलवा यहां पर सबसे ज्यादा जरूरी कन्या हाई स्कूल खोलने की माँग कर रहे अभिभावकों का मत है कि छात्राओं को अलग से स्कूल नही होने के कारण वह शिक्षा के लिए दूर शहर गाडरवारा व अन्य शहरों का जाना पड़ता है। इस प्रकार से आवागमन में होने वाली परेशानी व धन एवं समय की बर्बादी से उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। इस स्थिति में मध्यमवार्गिय छात्राएं तो अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ने के लिए मजबूर हो जाती है? इस प्रकार की सच्चाई को लेकर अभिभावकों के अनुसार शिक्षा के क्षेत्र में इस गाँव की ख्याति और आसपास जुड़े ग्रामों को देखते हुए यहाँ पर यदि छात्राओं के लिए अलग से शासकीय शिक्षण संस्था शुरू हो जाती है तो निश्चित ही नगर सहित क्षेत्र की अनेक गांवों की छात्राओं को लाभ मिल सकता है। क्योंकि आज भी अनेक अभिभावक इस प्रकार से देखे जा रहे है जो अपनी बेटियों को छात्रों के बीच बैठकर पढ़ाई करना उचित नही समझ रहे है जिसके चलते अनेक छात्राएं नगर में अलग से कन्या शाला नही होने की स्थिति में कक्षा आठवी के बाद अपनी पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर हो जाती है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये वर्षो में सरकार द्वारा गाडरवारा क्षेत्र के अनेक शासकीय स्कूलों का उन्नयन करते हुए उन्हे जहां हाई स्कूलों की जगह हायर सेकेण्डरी स्कूलों में तब्दील किया गया था जिससे अनुमान लग रहा था कि शायद सांईखेड़ा की छात्राओं को सरकार द्वारा अलग से शासकीय कन्या शाला के रूप में सौगात मिल सकती है जिसके चलते अनेक छात्राओं द्वारा अनेक सपने संजोये गये थें। मगर नया शिक्षा सत्र शुरू होने के लिये चंद दिवस ही शेष बचे हुये है। मगर इसके बाद भी छात्राओं को अलग से कन्या स्कूल को लेकर क्षेत्र के जिम्मेदार नेताओं द्वारा अपनी ओर से किसी भी प्रकार की रूचि नही दिखाई जा रहा है, जिसके चलते यहां की छात्राओं का अलग कन्या शाला होने का सपना मात्र सपना ही बनकर रहते हुए जान पड़ने से नही चूक रहा है? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जहां एक ओर सरकार द्वारा शासकीय हाई स्कूलो में अध्ययन करने वाली छात्राओं को हर वर्ष साईकिलों से लेकर ड्रेस व उनकी फीस सहित अन्य सुविधाएं तो प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। वही दूसरी ओर प्रदेश में महिलाओं से लेकर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भीं कानून में बदलाव करने में भी कसर नही छोड़ी जा रही है तो फिर आखिर में यहां पर छात्राओं के लिए अलग से शाला भवन की सौगात ने मिलना क्या मासूम छात्राओं के साथ अन्याया नही है?

## नगर के राजस्थान मिष्ठान भंडार पर 20 तो राधिका आईस्क्रीम पर लगा 15 हजार का जुर्माना, फरवरी माह में खाद्य अधिकारी गुप्ता द्वारा की गई थी कार्यवाही...

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** निश्चित तौर जब हम लोग किसी मिठाई की दुकान पर पहुंचते हुये कांच के अंदर रखी हुई रंगी बिरंगी मिठाईयों को देखते हुये उन्हे खाने के लिये ललायित होने से नही चूकते है। इसी बात को मिठाई विक्रेताओं द्वारा किस तरह का फायदा उठाया जाता है इस सच्चाई किसी ने छिपी नही है..? क्योंकि देखा जावे तो आज हमारे नगर में बाहर यानि की दूसरे प्रांतों से आये हुये मिठाई विक्रेता दिनों दिन लखपति बनते हुये देखे जा रहे है और स्थानीय मिठाई विक्रेताओं की स्थिति जहां की तहां देखने मिल रही है...। खैर जो भी उसे तो भगवान ही जाने। मगर मिलावट खोरी करने वालों के खिलाफ शासन द्वारा सख्त कानून बनाये जाने के बाद भी देखा जा रहा है कि इनके हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है कि वह खुलेआम आम लोगों की जिन्दगी से खिलवाड़ करते हुये जहां उपयोग होने की तिथि समाप्त होने के बाद पुरानी सामग्री को विक्रय करने से नही चूक रही है वही दूसरी ओर मिठाईयों के हाल इस तरह देखे जा रहे है कि जिन मिठाईयों पर विक्रय नही होने के कारण फंफूद जम जाती उन्हें पुनः तैयार करते हुये विक्रय करने से




नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये फरवरी माह में उस समय देखने मिली थी जब जिला खाद्य अधिकारी अमित गुप्ता सहित तहसीलदार व नगर पालिका तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शहर के पलोटनगंज स्थित राजस्थान मिष्टान भंडार सहित राधिका आईसक्रीम प्रतिष्ठान पर छापा मारा गया तो वहां की सच्चाई को देखते हुये आम जन के साथ साथ अधिकारी भी हैरत में पड़ने से नही चूक पाये जब वह वहां रखी हुई किसी सामग्री को उठाते थें तो एक बाद एक सामग्री एक्सपायरी तिथि की



निकलने से नही चूक रही थी। कुछ इसी तरह का हाल राजस्थान मिष्ठान भंडार का देखने मिल रहा था जो मिठाई कांच के शोकेस में शोभा बढ़ा रही थी। मगर उनके ऊपर न तो निर्माण की तिथि दर्शन दे रही थी और न ही उपयोग होने की अंतिम तारीख दिखाई दे रही थी। वही दूसरी ओर जब मिठाई दुकान की गोडान में अंदर जाकर देखा गया तो वहां के नजारे देखकर लोग हैरत में पड़ने से नही चूक पा रहे थें। क्योंकि मौके पर जहां भारी मात्रा में फंफूद से परिपूर्ण मिठाई रखी हुई थी तो दूसरी गंजों में भरे रखे हुये छैना सहित अन्य रसगुल्लों में अनेक प्रकार के कीट गोता लगाने से नही चूक रहे थें। इस तरह जिला खाद्य अधिकारी अमित गुप्ता द्वारा इन दोनों दुकानों सहित अन्य दुकानों पर पाई गई सामग्री के सेम्पल लेकर जहां जांच के लिये भेजे गये थें। वही इन दुकानदारों के खिलाफ पंचनामा की कार्यवाही करने के साथ साथ अपनी ओर से प्रतिवेदन तैयार करते हुये सक्षम अधिकारियों के समक्ष पेश किया गया था। इसी के चलते खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध दायर प्रकरणों में न्यायालय अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी नरसिंहपुर ने खाद्य कारोबारियों के विरूद्ध जुर्माना अधिरोपित किया है। बताया जाता है कि न्यायालय अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी नरसिंहपुर ने गाडरवारा के शानू अवस्थी एवं अन्य पर 25 हजार रुपये, राजस्थान मिष्ठान भंडार गाडरवारा के ईश्वर सिंह पर 20 हजार रुपये, कुरू वंशी चिल्ड वाटर प्लांट गाडरवारा के प्रशांत पटैल पर 5 हजार रुपये तथा राधिका आईसक्रीम गाडरवारा के अनिल मोहता पर 15 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से 13 वर्षीय बालक की मौत



**मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी अन्तर्गत ग्राम आदिवासी टोला कठौतिया में सोमवार को बकरी चराने गए रितिक परस्ते पिता सुरेन्द्र परस्ते उम्र 13 वर्ष को दिन में लगभग 3रू30 बजे पत्थरों के बीच बैठे सर्प ने दाहिने हाथ की ऊंगली में डस लिया था जिसे आपातकालीन वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी लाकर भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान लगभग 7 बजे बालक की मौत हो गई। मेंहदवानी पुलिस ने परिजनों की सूचना पर मर्ग कायम करते हुए शव परीक्षण उपरांत शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है।

### मुखर्जी के पुण्यतिथि पर भाजपा मेंहदवानी ने किया पौधारोपण



**मेंहदवानी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मेंहदवानी के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि के अवसर पर सभी मतदान केन्द्रों में पौधारोपण किया गया। मतदान केंद्र मेंहदवानी में भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुर्गेश साहू, महामंत्री गुलाब भवेदी, रामस्वरूप साहू,फिरोज खान सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा पौधरोपण किया गया।

### 26 जून को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस

**डिंडौरी।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 26 जून 2024 को नशा निवारण दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें छात्र-छात्राओं के सहयोग से समाज में जन जागरूकता लाने हेतु बच्चों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज को संदेश पहचाने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में 'नशा नाश की जड़ है, परिवार का विखंडन, घरेलू हिंसा, बीमारियां दुर्घटनाओं पर आधारित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इस हेतु विभाग द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। आज इसी क्रम में आंगनबाडी केन्द्र में महिलाओं को नशा मुक्ति अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर आज आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**अनूपपुर।** 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम जिले के नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में आयोजित किए जाएंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रभारी उप संचालक के.के. सोनी ने बताया है कि 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर नशा मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास की शपथ व विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता के संदर्भ में बच्चों के प्रति अपनों के नाम के माध्यम से परिवार व आस-पास के लोगों की निर्धारित प्रपत्र में नशामुक्त समाज का संकल्प पत्र में सहमति ली जाएगी।

### लोकसभा निर्वाचन के परिपेक्ष्य में लेखा समाधान बैठक 30 जून को

**अनूपपुर।** लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों के अनुरूप निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 26वें दिन अभ्यर्थियों/ निर्वाचन एजेंट को निर्वाचन व्यय की विवादित मदो की लेखो का समाधान हेतु बैठक आयोजन का प्रावधान है जिसके तारतम्य में 4 जून 2024 को परिणाम की घोषणा के 26 वें दिन यानी 30 जून 2024 को लेखा समाधान की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में प्राप्त 11 से आयोजित की गई है।

*पीड़ित ने एसडीएम बजाग में की शिकायत, बजाग तहसील के गाडासरई राजस्व निरीक्षक का मामला*

# राजस्व निरीक्षक का पैसा मांगते वीडियो वायरल, सरेआम दे रहा धमकी

डिंडौरी



डिंडोरी जिले में राजस्व अमले में किस कदर भ्रष्टाचार और मुंह मांगे पैसे मांगे जा रहे हैं इसका जीता जागता उदाहरण तहसील क्षेत्र बजाग अंतर्गत राजस्व मंडल गाडासरई के आर आई ओमप्रकाश वर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें शिकायत कर्ता ने एस डी एम बजाग को सीमांकन के लिए पैसे मांगने तथा पैसे ना देने पर गंदी गंदी गाली देने का आरोप लगाया है।

आवेदक कन्हैया लाल मरावी पिता मनने लाल उम्र 38 वर्ष निवासी सुकुलपुरा ने आवेदन पत्र में लिखा है कि सीमांकन के लिए आवेदन देने के बाद बार बार संपर्क करने के बाद भी आर आई द्वारा जमीन नहीं नापा गया है जबकि आज स्वयं मुझे फोन करके बुलाया था और कमरे पर शराब पीकर बैठा हुआ था वहीं कमरे पर पैसा मांग रहा था और पैसे नहीं देने पर जमीन नापने से मना किया तथा गंदी गंदी गालियां दिया है। पीड़ति ने प्रशासन से आवेदन में मांग की है कि आवेदन पत्र पर जांच कर दोषी आर आई के खिलाफ नियमानुसार उचित कार्यवाही करने की मांग की है तथा दूसरे आर आई तथा पटवारी की टीम बनाकर जमीन नापने की मांग की है।

जिले में राजस्व विभाग द्वारा लोगों से काम के बदले दाम मांगने का यह पहला अवसर नहीं है अनेक स्थानों पर विभागीय कर्मचारियों पर जमीन नापने के नाम पर अवैध वसूली की जाती रही है जिसकी शिकायत अनेक स्थानों पर होती रही है पर जिले के निरंकुश प्रशासनिक अधिकारियों के चलते इस तरह के लापरवाह अफसरों पर कार्यवाही ना होने के चलते जबरदस्त तरीके से क्षेत्र के ग्रामीणों से पैसे लेकर काम करने का दबाव बनाया जाता रहा है, पर कोई कार्यवाही ना होने के चलते राजस्व निरीक्षक के अलावा अनेक पटवारी और विभागीय अमला बेपरवाही से अपने जिम्मेदारी को ध्यान में ना रखकर लोगों को मनमानी पूर्वक आर्थिक रूप से कमजोर किया जा रहा है।



## सडक दुर्घटनाओं और जनहानि को कम करने के उद्येश्य से संचालित किये जा रहे यातायात जागरूकता कार्यक्रम

**डिंडौरी।** सडक दुर्घटनाओं तथा इससे होने वाली जनहानी को कम करने के लिए डिण्डौरी पुलिस द्वारा लगातार यातायात जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। इसी के तारतम्य में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ मिलकर दो पहिया वाहनो में हेलमेट के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिये निःशुल्क हेलमेट वितरित किये गये। सडक दुर्घटना के समय हेलमेट की जीवन रक्षक महत्ता एवं उसकी उपयोगिता को बारीकी से समझाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सडक दुर्घटनाओं में अधिकांश मृत्यु सिर में चोट लगने से होती है एवं कैसे हेलमेट सडक दुर्घटना के समय हमारे सिर की रक्षा कर प्राण रक्षक साबित होता है। कार्यक्रम के दौरान हेलमेट का प्रयोग करने वाले दो पहिया वाहन चालकों को तिलक लगाकर एवं गुलाब के फूल देकर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया एवं शहर में घूम रहे आवारा मवेशियों के सिंगों में रेडियम टेप चिपकाये गये, ताकि रात्री के समय मवेशी स्पष्ट रूप से दिखाई दे जावें, एवं वाहन चालकों को असुविधा न हो।



## कंस्ट्रक्शन मजदूर संघ अमरपुर की बैठक संपन्न

**अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में कंस्ट्रक्शन मजदूर संघ का बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हितग्राही मूलक, जन कल्याणकारी योजना सहित सरकार द्वारा चलाई जा रही श्रमिक पंजीयन योजना संबंधित एवं रोजगार गारंटी मनरेगा के अंतर्गत एवं जनधन सुरक्षा पासबुक पुस्तिका के विषय में कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दिया गया। मजदूर सदस्यों को प्रति महीने 10 रूपए सदस्यता शुल्क जमा करना हैं, जिसमें दस्तावेज व रजिस्ट्रेशन पर खर्च किया जा सके एवं जिले की समस्त ग्राम पंचायत में मजदूर संघ समिति गठित किया जा सके। इस विषय पर चर्चा किया गया। आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से रामकुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष, चंद्र सिंह मरावी कोषाध्यक्ष, रामदयाल विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, संतोष मरावी सहसचिव, राम सुजान ठाकुर जिला कार्यवाहक अध्यक्ष के अलावा अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## भाजपा ने मनाया वीरागंना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस



**डिण्डौरी।** शौर्य के प्रतीक कही जाने वाली वीरागंना रानी दुर्गावती का आज 460वां बलिदान दिवस भाजपा राष्ट्रीय मंत्री व शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया की उपस्थिति व अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेश धुमकेती के नेतृत्व मे जिला भाजपा कार्यालय व कलेक्टेड तिराहा रानी दुर्गावती चैक मे भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता की उपस्थिति मे रानी दुर्गावती की प्रतिमा मे श्रद्वासुमन अर्पित किया गया। कार्यकर्ताओ ने रानी दुर्गावती अमर रहे के नारे लगाकर उनके बलिदान को याद किया व सभी ने एक-एक कर वीरांगना के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। भाजपा जिलाध्यक्षअवध राज बिलैया ने बताया कि वीरांगना रानी दुर्गावती का जन्म 05 अक्टूबर 1524 को महोबा के चंदेल राजा शाल्यवाहन के घर हुआ उनके पति गोंड राजा दलपत शाह की अकास्मिक मृत्यु के बाद अपने पुत्र वीर नारायण को सिंघासन पर बैठाकर उसके संरक्षक के रूप मे स्वयं शासन करना प्रांरभ किया। वे बचपन से साहसी व निडर प्रवृति की महिला थी उन्होने अपना शासनकाल मे अनेक लड़ाईयॉ लड़ी और मुगलो को धूल चटाई एवं अंत समय मे मुगल सेना से लड़ते लड़ते उन्होने स्वंय के प्राण एक कटार से घोंपकर मातृभूमि को प्राण न्यौछावर कर दिया। इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से शहपुरा विधायक व राष्ट्रीय मंत्रीह ओमप्रकाश धुर्वे, जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया, प्रदेश का.स.सदस्य नरेन्द्र सिंह राजपूत, वरिष्ठ नेता अशोक अवधिया, राजेन्द्र प्रसाद पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश धुमकेती, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा धुर्वे, जिला उपाध्यक्ष सुशीला मार्को, महेश सिंह पाराशर, जिला मंत्री सपना जैन, अनुराग गुप्ता, जिला सहमीडिया प्रभारी आशीष वैश्य,जिला सोशल मीडिया सहप्रभारी अविनाश सिंह सैनी, कुंवारिया मरावी, पि.वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष दशरथ सिंह राठौर, वरिष्ठ नेता बीरेन्द्रबिहारी शुक्ला, डिम्पल दीक्षित, भीम अवधिया, गणेश सोनवानी,मण्डल महामंत्री भागीरथ उरैती, मण्डल उपाध्यक्ष प्रवीण बर्मन, मोहन सिंह राठौर, हरिहर पाराशर, मण्डल मंत्री नीलू जैन, अजजा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष प्रेमसिंह धुर्वे, अजय बर्मन, बोधराम सरैया, बाबूराम वनवासी,चेतराम मार्को, धनेश धनंजय, दुर्गेश जोगी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## भारतीय जनता पार्टी ने मनाया आपातकाल काला दिवस




**डिंडौरी।** मेकलसुता महाविद्यालय डिण्डौरी मे आयोजित आपातकाल दिवस को भाजपा डिण्डौरी ने काला दिवस के रूप में मनाया। मेकलसुता महाविद्यालय डिण्डौरी मे काला दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से मीशाबंदी के रूप मे रहे कैलाशचंद जैन, वरिष्ठ नेता अशोक अवधिया, सुरेश जैन व भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया मौजूद रहें। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने भारत माता के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक वंदन किया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने मीशाबंदी कैलाशचंद जैन, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक अवधिया, सुरेश जैन का शॉल श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने कहा कि 1971 के आम चुनाव मे भ्रष्ट चुनाव प्रथाओं के आधार पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के द्वारा रद्द कर दिया गया था सत्ता बरकरार रखने के लिए 25 जून 1975 की आधी रात को मंत्रिपरिषद के बिना सूचित किये राष्ट्रपति को आपातकाल लागाने के लिए मजबूर कर दिया।जिसमें राजनाथ सिंह, जयप्रकाश नारायण जैसे विपक्षी नेताओं को जेल मे डाल दिया गया। कुल मिलाकर सरकारी डाटा में 1.5 लाख लोगों को जेल मे डाला गया जिसमें से 22 की जैल के दौरान की मृत्यु हो गई। इसके साथ ही प्रेस व मीडिया को भी प्रतिबंधित कर दिया गया। अखबार का प्रकाशन तुरंत ही रूकवा दिया गया एवं बिजली काट दी गई। हमारे वरिष्ठ नेता कैलाशचंद जैन उस समय जेल मे बंद थे इन्हें राजनैतिक कार्यो में संलिप्त होने के कारण 18 माह तक जेल मे रहा गया एवं विभिन्न यातनाऐं दी गई। वहीं कैलाशचंद जैन ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि लालबहादुर शास्त्री के निधन के देश की प्रधानमंत्री बनी इंदिरा गांधी भ्रष्ट चुनाव के चलते न्यायपालिका से टकराव शुरू हो गया था। यही टकराव इमरजेंसी की पृष्टभूमि बना था। आपातकाल के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर बैन लगा दिया गया और विपक्षी नेताओं को जेल मे डाला गया। आपातकाल के दो वर्षो के दौरान देश की यह दुखद स्थिति थी, संविधान को यहां के कानून मे संशोधन कर सुप्रीम कोर्ट को ऐसे किसी भी संशोधन की जांच करने के लिए रोक दिया गया था। जिसके परिणाम स्वरूप सरकार को भारत के पवित्र संविधान और लोगो की जिंदगी उनकी स्वतंत्रता के साथ कुछ भी करने की आजादी मिल गई। वरिष्ठ नेता अशोक अवधिया ने कहा कि आपातकाल के दौरान तानाशाही सरकार को बनाये रखने के इरादे से जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने अपने गलत कामो और नकामयाबियों के कारण जनता के क्रोध के निशाने पर थी। जनता के मूल अधिकारो को छीन लिए गये मनचाहे तरीके से संविधान को गलत ढंग से परिभाषित किया गया। जो आज कहते है कि भाजपा संविधान के साथ छेड़छाड कर रही है उनको बताना चाहूँगा कि उनकी सरकार मे तत्कालीन इंदिरा गांधी ने अनगिनत बार संविधान को संशोधन किया देश की आजादी छीनी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी व आभार डॉ. बिहारीलाल द्विवेदी ने व्यक्त किया।

इस दौरान वरिष्ठ नेता सुरेश जैन, जिला उपाध्यक्ष सुशीला मार्को, महेश सिंह पाराशर, जे.पी. गर्ग, गंगाप्रसाद तिवारी, राजकुमार पचैरी, जिला मंत्री सपना जैन, जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, जिला सह सोशल मीडिया संयोजक अविनाश सैनी, महिलामोर्चा जिलाध्यक्ष नरवदिया मरकाम, मण्डल मंत्री नीलू जैन, महिलामोर्चा जिलामहामंत्री कुंवरिया मरावी, सहित बड़ी संख्या मे छात्र छात्राऐं मौजूद रहीं।

## मिशन शक्ति के तहत संचालित होगा 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान



**डिंडौरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला केंद्रीय मुद्दो पर जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए मिशन शक्ति के तहत संकल्प (क्म्र्) हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की शुरूआत की गई। यह कार्यक्रम 21 जून प्रारंभ होकर से 16 हफ्तों तक 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन में 24 जून को कौशल विकास केंद्र एवं 25 जून को जिला चिकित्सालय डिंडौरी में वन स्टॉप सेन्टर प्रशासक श्रीमती नीतू तिलगाम एवं परामर्शदाता श्रीमती निकिता मरकाम द्वारा कार्यक्रम अंतर्गत (च्ब्च्छक्ज ।बज) गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम) के तहत कन्या भ्रूण हत्या को रोकने तथा भारत में घटते लिंगानुपात को रुकने के लिए अधिनियम की जानकारी दी गई। परिसर में उपस्थित बालक/बालिका एवं महिलाओं को वन स्टॉप सेन्टर (सखी) में घरेलू हिंसा से पीड़ति महिलाओं को पुलिस सहायता, परामर्श सहायता, चिकित्सा एवं आश्रय दी जाने वाली सेवाओं के साथ दूसाथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, 181 महिला हेल्प लाइन एवं 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेन्टर (सखी) डिंडौरी से श्रीमती स्मिता चैरसिया, श्रीमती रितु खांडे, श्रीमती रागिनी धुर्वे उपस्थित रहे।

## भाजपा पदाधिकारियों ने किया वृक्षारोपण



**डिंडौरी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत देशभर के नागरिकों से अपनी माताजी के साथ या उनके नाम पर पौधारोपण कर अपनी माताजी को अमूल्य उपहार भेंट करने की अपील की है। वहीं, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी. नड्डा जी ने देशभर के कार्यकर्ताओं से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि यानि आज से लेकर उनकी जन्म जयंती (6 जुलाई) तक एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करने का आह्वान किया है। इसी तारतम्य में डिंडोरी के ग्राम देवरा में मां नर्मदा किनारे कार्यकर्ताओं के साथ "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर कार्यकर्ताओं को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। भाजपा जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं से मेरा आह्वान है कि इस अभियान में सहभागी होकर बड़ी संख्या में पौधारोपण करें। एक पेड़ माँ के नाम अभियान का लक्ष्य 2024-25 के तहत देश भर में लगभग 140 करोड़ पौधे लगाना है, जिसमें सितंबर 2024 तक 80 करोड़ पौधे लगाने का एक विशिष्ट लक्ष्य है। पेड़ लगाकर हम न केवल अपना सम्मान दिखाते हैं और अपनी माताओं को श्रद्धांजलि देते हैं, बल्कि सामूहिक रूप से जलवायु परिवर्तन से निपटने, वायु और मिट्टी की गुणवत्ता सहित हमारे समग्र पर्यावरण और पारिस्थितिकी में सुधार, और जैव विविधता और कार्बन पृथक्करण का समर्थन करने के अपने प्रयासों को भी जोड़ते हैं। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश चंद जैन, अशोक अवधिया, जिला उपाध्यक्ष सुशीला मार्को, जिला मंत्री सपना जैन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नरवरिया मरकाम, मंडल मंत्री नीलू जैन, महिला मोर्चा जिला महामंत्री कुंवारिया मरावी, देवरा सरपंच प्रेम सिंह धुर्वे सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कम मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में आए 61 आवेदन पत्रों की हुई सुनवाई

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला ने लोगों द्वारा प्रस्तुत किए गए 61 आवेदन पत्रों की सुनवाई की। आवेदन पत्रों की सुनवाई कर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। जनसुनवाई में आज श्रीमती मेघा चैहान ने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर बताया कि उनका पति अंचल चैहान बीते एक माह से लापता है, श्रीमती मेघा ने पति की तलाश की गुहार लगाई। अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला ने एसडीओपी को उक्त प्रकरण पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार से आवेदिका ईशा बनवासी ने आवेदन देकर बताया कि उनके पिता स्व. गनेशा बनवासी सहायक शिक्षक थे, जिनकी मृत्यु पश्चात जनजाति कार्य विभाग में अनुकंपा नियुक्ति का प्रकरण बहुत दिनों से लंबित है। अतः अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र दिलाने की मांग की। अपर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को उक्त प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए। आवेदिका सुम्मा बाई पति नैनेसिंह निवासी तेंदूमेर मोहतरा ने मुड़की जलाशय में डूब में जमीन का मुआबजा राशि की मांग की। जिस पर कार्यवाही करते हुए तहसीलदार डिंडौरी को इस प्रकरण का निराकरण मुआबजा प्रदान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आवेदकों के द्वारा राशन वितरण, वृद्धावस्था पेंशन, मजदूरी भुगतान सहित अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए गए। इन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण किया गया, जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उसके लिए आवेदकों को समय सीमा दे दी गई है। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का विभागीय अधिकारियों को निराकरण कर शिकायतकर्ता को अवगत कराने भी कहा गया है।

## जिले में 27 अगस्त तक चलेगा दस्तक अभियान

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश मरावी के नेतृत्व में जिले में 25 जून से 27 अगस्त 2024 तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। अभियान के एएनएम, आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का संयुक्त दल घर- घर जायेगा। बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों का आंकलन कर इसकी रोकथाम के लिए उचित प्रबंधन करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य अमला घर-घर दस्तक देगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राजकुमार डोंगरे अभियान के नोडल अधिकारी होंगे। अभियान में बीमार बच्चों को चिन्हित करने के साथ उनको मुख्यालय तक लाने और इलाज कराने की पूरी व्यवस्था टीम द्वारा की जाएगी।

सीएमएचओ डॉ. मरावी ने बताया कि अभियान के दौरान 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान, समुदाय में बीमार नवजात और बच्चों की पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल, 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रोटोकॉल आधारित प्रबंधन, 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को आयु अनुरुप विटामिन ए अनुपूरण, सघन दस्त रोग पखवाड़ा आईडीसीएफ गतिविधि आयोजन जिसमें 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण के लिए ओआरएस एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता में बढ़ावा एवं प्रत्येक घर में गृहभेंट के दौरान ओआरएस पहुँचाना, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल, बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों (ठपतजी क्मिबजे) एवं वृद्धि विलंब (क्मअमसवचउमदज क्मसंल) की पहचान एवं उनका आरबीएस के कार्यक्रम से संबद्धीकरण करना।

5 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों में श्रवणबाधिता एव दृष्टिदोष की पहचान व पुष्टि कर आरबीएस के कार्यक्रम में पंजीयन कर उपचारित कराना। समुदाय में समुचित शिशु एवं बाल आहारपूर्ति संबंधी समझाईश समुदाय को देना। एसएनसीयू एवं एनआरसी से छुट्टी प्राप्त बच्चों में बीमारी की स्क्रीनिंग तथा फॉलोअप को प्रोत्साहन करना है। गृह भेंट के दौरान आंशिक रूप से टीकाकृत एवं छूटे हुये बच्चों की टीकाकरण स्थिति की जानकारी लेना और बच्चों में श्रवणवाधिता एवं दृष्टिदोष की पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल। सीएमएचओ ने सभी नागरिकों से अपील की है कि अपने 5 वर्ष के बच्चों का दस्तक अभियान में निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### चोरों के हौसले बुलंद, लगातर हो रही चोरियां

**नरसिंहपुर।** इन दिनों शहर के मन्दिरों व उनके आसपास स्थित घरों में चोरी की वारदातें बदस्तूर जारी हैं। इसी कड़ी में 18 जून व 19 जून की दरम्यानी रात में जहाँ पहली रात विपतपुरा वटकेश्वर महादेव मंदिर के सामने स्थित घर से चोर पानी की टंकी चुराकर ले गया वहीं दूसरी रात लगभग दो बजे मंदिर से होम थियेटर उठाकर कर ले गया और इसी रात के साढ़े तीन बजे उसी चोर ने वर्गी कॉलोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर से एम्पलीफायर मशीन चुराने की घटना को भी अंजाम दिया। उक्त घटना वहाँ लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरे में रिकार्डेड है।वहाँ निवासरत व्यक्ति द्वारा उक्त घटना की शिकायत स्थानीय स्टेशनगंज थाने में भी की गयी लेकिन अब तक चोर पकड़ में नहीं आया है।स्थानीय जनों ने प्रशासन से माँग की है कि वह चोरी का पता लगाने की दिशा में उचित कदम उठाये जिससे कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर विराम लग सके।

### विधायक ने किया दस्तक अभियान का शुभारंभ



**राजमार्ग।** मंगलवार को विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ पटेल द्वारा एस डी एम तेंदूखेड़ा एवं सी ई ओ जनपद पंचायत चावरपाठा, सीडीपीओ चावरपाठा द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र रोंसरा राजमार्ग मे दस्तक अभियान का शुभारम्भ कर ओ आर एस वितरण कर किया गया। उक्त मौके पर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर महेंद्र पटेल डॉक्टर रामजीवन पटेल डॉक्टर दामोदर जाटव बीएमओ डॉक्टर राजकिशोर पटेल उपस्थित रहे ।

### गौकुलम बेविनार का आयोजन आज

**करेली।** जीसीसीआई द्वारा आयोजित गोकुलम वेबिनार श्रृंखला में डॉ लीना गुप्ता 26 जून बुधवार को गाय पर्यटन पर प्रस्तुति देंगी जीसीसीआई के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप डी गुप्ता ने कहा कि गौकुलम वेबिनार श्रृंखला गाय जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक विकास और गाय अर्थव्यवस्था के अवसरों पर प्रकाश डालती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. वल्लभ भाई कथीरिया के मार्गदर्शन में जीसीसीआई द्वारा गाय पर्यटन विषय की अधिक समझ और उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास में, बुधवार 26-06-2024 को शाम 07 बजे डॉ. लीना गुप्ता का वेबिनार आयोजित किया जाएगा।

### श्रमिकों की राशन कार्ड पात्रता पर्ची बनाये जाने के निर्देष

**नरसिंहपुर।** सर्वोच्च न्यायालय और राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत पात्र, असंगठित प्रवासी श्रमिकों को दो माह के भीतर राशन कार्ड-पात्रता पर्ची जारी कर मुख्य सचिव द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों की जिलावार, परिवार समग्र आईडी स्थानीय निकायवार, ग्राम पंचायत ग्रामवार वार्डवार सूची उपलब्ध कराई गई है।

### स्वास्थ्य कर्मी घर -घर जाकर करेंगे सर्वे

# कुपोषित और एनीमिक बच्चों को मिलेगा इलाज

#### दस्तक अभियान का शुभारंभ

**नरसिंहपुर।** जिले में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश बोहरे के नेतृत्व में जिले में 25 जून से 27 अगस्त 2024 तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। अभियान के एएनएम, आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का संयुक्त दल घर- घर जायेगा। दस्तक अभियान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में दीप प्रज्जवलित कर किया। यह अभियान 25 जून से 27 अगस्त 2024 तक चलाया जायेगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि उक्त मौसम में बच्चे बीमार होते हैं। बच्चों के शरीर के अंदर पानी की कमी नहीं रहे, इसके लिए बच्चों को पानी अधिक से अधिक मात्रा में पिलाये। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का संयुक्त दल घर- घर जाकर बाल्यवस्था में होने वाली बीमारियों का आंकलन कर रोकथाम के लिए उचित प्रबंधन करेगा। उन्होंने सभी आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस कार्य में अपना सहयोग करें और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

#### ईलाज कि हो पूरी व्यवस्था

सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जून माह में गर्मी एवं बरसात के मौसमी बीमारियों का प्रकोप अधिक रहता है। इससे संक्रमण के कारण बीमारियॉ फैलती हैं और व्यक्ति बीमार होते हैं। माह जून में 5 वर्ष के बच्चों में बीमारी से ग्रसित होने की अधिक संभावना होती है। स्वास्थ्य विभाग का अमला घर- घर जाकर बच्चों में होने वाली संक्रमित बीमारियों की पहचान का उपचार करेगी। उन्होंने बताया कि अभियान में बीमार बच्चों को चिन्हित करने के साथ उनको मुख्यालय तक लाने और इलाज कराने की पूरी व्यवस्था टीम द्वारा की जाएगी। एएनएम, आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर- घर जाकर दस्तक देंगे एवं जिन पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके आयुष्मान कार्ड तत्काल बनाया जायेगा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन व डॉ. सुनीता पटैल ने भी अभियान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत सोनी और आभार प्रभारी जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर डॉ. राहुल नेमा ने किया। कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधि, अस्पताल का स्टाफ और नागरिक मौजूद थे।







#### रोकथाम के बताये जायेंगे उपचार

सीएमएचओ डॉ. राकेश बोहरे ने बताया कि अभियान के दौरान 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान, समुदाय में बीमार नवजात और बच्चों की पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल, 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रोटोकॉल आधारित प्रबंधन, 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को आयु अनुरुप विटामिन ए अनुपूरण, सघन दस्त रोग पखवाड़ा आईडीसीएफ गतिविधि आयोजन जिसमें 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण के लिए ओआरएस एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता में बढ़ावा एवं प्रत्येक घर में गृहभेंट के दौरान ओआरएस पहुँचाना, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल, बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब की पहचान एवं उनका आरबीएस के कार्यक्रम से संबद्धीकरण करना।



#### पीड़ित बच्चों का लिया जायेगा फॉलोअप

5 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों में श्रवण बाधिता एव दृष्टि दोष की पहचान व पुष्टि कर आरबीएस के कार्यक्रम में पंजीयन कर उपचारित कराना। समुदाय में समुचित शिशु एवं बाल आहारपूर्ति संबंधी समझाईश समुदाय को देना। एसएनसीयू एवं एनआरसी से छुट्टी प्राप्त बच्चों में बीमारी की स्क्रीनिंग तथा फॉलोअप को प्रोत्साहन करना है। गृह भेंट के दौरान आंशिक रूप से टीकाकृत एवं छूटे हुये बच्चों की टीकाकरण स्थिति की जानकारी लेना और बच्चों में श्रवण वाधिता एवं दृष्टि दोष की पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल सीएमएचओ ने सभी नागरिकों से अपील की है कि अपने 5 वर्ष के बच्चों का दस्तक अभियान में निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

## मनाया गया वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस

**नरसिंहपुर।** गोंडवाना साम्राज्य की गौरव अदम्य साहस वीरता त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति वीरांगना रानी दुर्गावती के 460वें पुन्य स्मरण दिवस एवं 500 वें पंचशती कार्यक्रम खैरीनाका नरसिंहपुर स्थिति सामुदायिक भवन मंए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किया जिसमें पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा महारानी के वीर गाथा का बखान कर कहा कि हिंदुस्तान में अगर सबसे पहले किसी महिला की वीरता की गाथा का जिक्र होता है तो सबसे पहला नाम वीरांगना रानी दुर्गावती का आता है जिन्होंने मातृभूमि और अपने सम्मान की रक्षा हेतु अकबर के जुल्म के आगे झुकने से इंकार कर स्वतंत्रता और अस्मिता के लिए युद्ध भूमि को चुना और अनेक बार शत्रुओं को पराजित करते हुए 24 जून 1564 में बलिदान दे दिया। अदम्य साहस के बलबूते दुश्मनों को घुटने टेकने में मजबूर किया आज ऐसी शक्तियों की हमेशा समाज में अति आवश्यक है देश को सुरक्षित रहने में अहम भूमिका हो सकते हैं। श्री पटेल द्वारा जनजातीय समाज के महापुरुषों के किये गये कार्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया। आचार्य पंडित थम्मन शर्मा ने अपने प्रबोधन में आदिवासी समुदाय एक ऐसा समुदाय है जो प्रकृति का पुजारी है और वह अपने सामाजिक नियमों पर बंधा हुआ होता है। आमंत्रित अतिथियों में मातृशक्ति के रूप में तिरुमाय शशि परतेती प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) गोंड समाज महासभा म प्र के द्वारा समाज में महिलाओं को आगे जाकर बढ़ चढ कर हिस्सा लेने और आत्म सम्मान के साथ जीवन जीने की की बात कही रखी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश काकोड़यि,जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र ठाकुर, जनपद पंचायत चावरपाठा अध्यक्ष सोबरन (शोभा) ठाकुर, पंडित नीरज महाराज अध्यक्ष नगर पालिका नरसिंहपुर, जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बृजेश पटेल, खेरीनाका सरपंच सुश्री रिया जाट वरिष्ठ समाजसेवी रूप सिंह ठाकुर एवं सामाजिक संगठनों के जिला अध्यक्षों के साथ मौजूद रहे। समापन कार्यक्रम के पश्चात जगदीश ठाकुर पटवारी एवं शंकर सिंह वाडिवा ए आर आई द्वारा आभार प्रकट किया गया।



## सामूहिक गोहत्या का उचित संज्ञान ले सरकारः शंकराचार्य

**नरसिंहपुर।** विगत दिनों सिवनी में हुई सामूहिक गोहत्या मामले को लेकर द्वाराकापीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाज द्वारा बताया गया कि समस्त हिन्दू समाज इस घटना से दुखी हुआ। इस तरह सामूहिक हत्या किसी भी जीव की होती वह अनुचित थी। यहाँ गाय पर आघात करने का कारण क्या था ? यह विचारणीय है। जैसा कि जाँच कमेटी का कहना है एक वर्ग विशेष के द्वारा गाय खरीद कर सामूहिक हत्या कर जगह- जगह अपमानित करते हुए उन्हें फेंका गया तो यह कार्य गोमाँस खाने के लिए नहीं किया गया बल्कि इसके पीछे कुछ और ही बात है। इस पर अब मात्र गहन विचार ही नहीं अपितु कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। हमारे सद् गुरुदेव द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य जी महाराज की जन्मस्थली सिवनी जनपद है। उनके दिव्य प्रभाव का ही असर है कि सिवनी की जनता ने गोहत्यारों के विरुद्ध जो एकजुटता दिखाई वह सर्वत्र अनुकरणीय है। महाराज श्री द्वारा कहा गया कि विगत लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश ने भाजपा के पक्ष में पूरी उन्तीस सीटें देकर जो आश्चर्यजनक कार्य किया है कहीं उसका ही यह कारण तो नहीं कि अब सरकार और हिन्दू मतदाता को चिढाने के लिए यह कार्य किया गया है ? जिस तरह अब हिन्दू, मुसलमान का विभाजन करके चुनाव हो रहे हैं उसके गम्भीर परिणाम का प्रारम्भ होता इस प्रकरण में दीख रहा है। हिन्दू मानबिन्दुओं की रक्षा का दायित्व अब प्रदेश सरकारों और केन्द्रीय सरकार को लेना ही होगा क्योंकि हिन्दू वोट शत-प्रतिशत आपको मिला है। इस प्रकरण को करने वाले तो पकड लिए गए हैं किन्तु इतने मात्र से इतिकर्तव्यता नहीं हो जाती। इसके पीछे किसकी मानसिकता है ? किसने यह जघन्य कार्य करने प्रेरित किया यह जानना आवश्यक है। अभी सरकार ने सिवनी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को हटाया है किन्तु यह समस्या का समाधान नहीं। जब तक आरोपियों को कठोर सजा नहीं दी जाएगी यह बात हिन्दुओं को कष्ट देती रहेगी। न्यायवेत्ता अभियुक्त की मानसिकता और उद्देश्य समझ कर सजा तय करते हैं। यहाँ अभियुक्तों की मानसिकता गायों की जघन्य सामूहिक हत्या कर देश में दंगा कराने की है , केन्द्रीय भाजपा सरकार को शत प्रतिशत सीट देने पर मध्यप्रदेश को सबक सिखाने की है। इस पर राष्ट्र द्रोह की धारा के अन्तर्गत अभियुक्तों की सजा तय होनी चाहिए। सजा के पात्र कलेक्टर या पुलिस अधीक्षक नहीं गोहत्या करने वाले लोग हैं। इस प्रकरण का पूर्ण पटाक्षेप तभी होगा जबकि अभियुक्तों पर सामूहिक हत्या के लिए कठोर दण्ड सुनिश्चित होगा। चूंकि उच्च स्तरीय जाँच एजेंसियों को लगाया गया है किन्तु इनका कार्य मात्र आरोपियों को पकडना नहीं अपितु इस प्रकरण के पीछे जो साजिशकर्ता हैं उनका भी पर्दाफाश करना होना चाहिए। बतौर हिन्दू समाज के धर्माचार्य होते हुए इस प्रकरण पर बेबाक बोलने से हमें कोई नहीं रोक सकता। अब न्याय करना और न्याय होता हुआ दिखना भी चाहिए वरना हिन्दू अगर बागी हुआ तो सरकार को ही खामियाजा भुगतना होगा। इसका हमलोगों ने समाधान दिया है कि गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाय। संविधान और कानून बन जाने से न केवल भाजपा अपितु सभी राजनैतिक दलों की भी जबाबदेही बन सकेगी । अब सरकार को यह चुनौती स्वीकार करनी ही होगी वरना सरकारें आगे भी मध्यप्रदेश और देश में होने वाली दुर्घटनाओं के लिए तैयार रहे। समाचार पत्रों और विभिन्न संचार साधनों से यह प्रकरण देशव्यापी हो चुका है। इस पर उचित निर्णय सरकार के लिए लाभप्रद एवं इसकी अनदेखी करना अहितकर होगा। अगर इस तरह की पुनरावृत्ति होती है तो शीत युद्ध जैसा वातावरण बनने लगेगा इसलिए इसे गंभीरता से लेते हुए इस तरह का कार्य हो कि कोई दुबारा ऐसा करने की सोच भी न सके। सनातन वैदिक मान्यता है गाय चलता फिरता देवता है। घर-घर में भले गाय न हो पर गाय के प्रति श्रद्धा सभी के मन में है। इसलिए हम बार बार आगाह कर रहे हैं कि इस प्रकरण को गम्भीरता से लिया जाय ।



## तेंदूखेडा को जरुरत है बालिका छात्रावास की



**तेंदूखेडा-** दिनों दिन छात्राओं की बढ़ती संख्या और प्रतिदिन आवागमन की समस्या को देखते हुए तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित तेंदूखेडा में बालिका छात्रावास की महती आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। यदि पिछले साल के आंकड़े उठाकर देखें तो तेंदूखेडा में आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग तीन सौ से चार सौ छात्रायें हाईस्कूल और उच्च शिक्षा ग्रहण करने 10 से 25 किमी दूर बाहर से यहाँ पर आकर शिक्षा ग्रहण किया करती है ।इनमें मिडिल स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 6 से 8 में लगभग 193 छात्रायें शामिल हैं जिनमें पिछड़ा वर्ग की 103 अनुसूचित जाति वर्ग की 49 और अनुसूचित जनजाति वर्ग की 36 छात्रायें है। इसी तरह से हाईस्कूल स्तर पर लगभग 579 छात्रायें है जिनमें पिछड़ा वर्ग की 391 अनुसूचित जाति 103 और अनुसूचित जनजाति की 85 छात्रायें शामिल हैं, इसी तरह से शासकीय महाविद्यालय में तीनों सेमेस्टरों में 240 छात्रायें तीनों वर्ग की शामिल हैं।

### स्कूल का समय मिलाने बसों का करना पड़ता है इंतजार

सुबह स्कूल कालेज मिलाने से लेकर टाइमिंग यात्री बसों को मिलाने के लिए इन छात्राओं को अपनी दैनिक सभी गतिविधियों से निवृत्त होकर आना फिर वापस लौटना फिर बसों में उन सभी परस्थितियों का सामना करना जो सफर के दौरान देखने मिला करतीं हैं । इतना ही नहीं तेंदूखेड़ा के बस स्टैंड से इन छात्राओं को एक से डेढ़ किमी दूर पैदल जाना पड़ता है। और वापस लौट कर आना पड़ता है।छुट्टी के बाद शाम को वापस जाने के बाद छात्रायें प्रायः थक जाती है। इन सभी झंझावतों से बचने के लिए तहसील मुख्यालय तेंदूखेडा में शासकीय प्री मैट्रिक हरिजन आदवासी पिछडा वर्ग छात्रावास की महती आवश्यकता है। जिसमें छात्राओं को यहाँ रहने के लिए व्यवस्था बन सके इस व्यवस्था से जहाँ प्रतिदिन आने जाने की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा वहीं पालक वर्ग की समस्या भी खत्म होने के साथ चिंता भी मिट जायेगी। इस विषय को काफी लंबे समय से क्षेत्रीय लोगो द्वारा मांग भी रखी जा रही है लेकिन अभी तक निराकरण ना हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है।

## तेंदूखेड़ा से रुठा मानसून

### खेतों को पानी की जरूरत

**तेंदूखेड़ा-** भले ही प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है और कुछ जिलों में झमाझम बारिश के बाद से गर्मी के मौसम से कुछ राहत मिल गई है लेकिन मानसून तेंदूखेड़ा क्षेत्र में अभी तक अपनी दस्तक नहीं दे रहा है।जिस कारण से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है। गर्मी के साथ साथ उमस भरी गर्मी से भी राहत नहीं मिल पा रही है। खेतों में भी धान के रोपा लग चुके हैं। इन्हें पानी की नितांत आवश्यकता है।कृषक नोजल चलाकर पानी की व्यवस्था कर रहें हैं।



## आपातकाल लोकतंत्र का काला इतिहास पर परिसंवाद आयोजित

**करेली।** विगत दिवस पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में जिला लोकतंत्र सेनानी संघ नरसिंहपुर मीसाबंदी संघ द्वारा आपातकाल लोकतंत्र का काला इतिहास विषय पर केन्द्रित परिसंवाद का आयोजन कैलाश सोनी राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ की अध्यक्षता, सम्मानीय अतिथिगण राव उदय प्रताप सिंह, शिक्षा एवं परिवहन मंत्री चै. दर्शन सिंह, सांसद होशंगाबाद नरसिंहपुर विश्वनाथ सिंह पटेल, विधायक तेन्दूखेड़ा महेन्द्र नागेश, विधायक गोटेगांव जालमसिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री पं अभिलाष मिश्रा जिलाध्यक्ष भाजपा नीरज महाराज ममार, अध्यक्ष नगर पालिका नरसिंहपुर, अनीता नेमा उपाध्यक्ष नगर पालिका करेली, वरिष्ठ मीसाबंदी रूपचंद दानी, रमेश कोचर, राव महेन्द्र सिंह आमगांव बडा के आतिथ्य में मनाया गया। आरंभ में लोक नायक जय प्रकाश नारायण, पं. दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया। का स्वागत आयोजन समिति के संतोष तिहैया जिला अध्यक्ष, हरिशंकर राय, महेश चैरसिया नगराध्यक्ष, विजय नेमा नगर सचिव, मुन्नालाल नामदेव कोषाध्यक्ष, लेखचंद कोचर कार्यालय सचिव, विजय सोनी सचिव सदस्यगण हरनामसिंह चैहान बधुवार, रशीद कुरैशी सतीश जैन पत्रकार, अरविन्द गुप्ता, चै. हीरेन्द्र सिंह, लालजी रैकवार करेली, राजेन्द्र सिंह बुन्देला विजय सिंह बुंदेला बम्हनी नीरज लूनावत आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन ख्यातिलब्ध साहित्यकार नारायण श्रीवास्तव ने किया। नवनिर्वाचित क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह ने अपने पहले करेली प्रवास पर कहा कि आपातकाल लोकतंत्र पर धब्बा है। आपने चुनाव लड़ाया आप चुनाव लड़े आप ही जीत गए जनता ही सांसद है यहां पहली बार चुनाव के बाद आया हूं सभी का आभार व्यक्त करता हूं विकास के काम लगातार होते रहेंगे हमेशा जनता के बीच रहूंगा। पत्रकारों से चर्चा में कहा कि शटल तो शुरू होगी और भी विकास कार्य होंगे मै ग्रामीण क्षेत्र से हूं मुझे जनता की की चिंता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी ने कहा कि 25 जून 1975 की मध्य रात्रि में एक व्यक्ति की सत्ता बनी रहे इसके लिए इमरजेंसी लगाई गई। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जून 1975 को इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द कर दिया था आपातकाल लगा दिया लोकनायक जयप्रकाश नारायण अटल जी आडवाणी जी कैसे अनेक नेता जेल में बंद कर दिए गए आज भी चैतन्य रहने की जरूरत है जिससे लोकतंत्र जीवंत बना रहे उन्होंने इस मौके पर आपातकाल के अनेक संस्मरण का उदाहरण किया।

## हरी सब्जियों के भाव सातवें आसमान पर

## टमाटर लाल होने के साथ रुला रही प्याज

**तेंदूखेड़ा-** इन दिनों हरी सब्जियों के भाव काफी ज्यादा होने के कारण आम आदमी से दूर होती नजर आ रही है गर्मियों के समय जिन सब्जियों के दाम काफी कम हुआ करते थे आज वह सातवें आसमान पर जा बैठे हैं। इससे आम मजदूर वर्ग से हरी सब्जियां दूर दूर नजर आ रही है। हरि सब्जियां महंगी होने के पीछे कृषकों को मानना यह है कि अधिक गर्मी के कारण पैदावार ना होना और अनूकूल माहौल ना मिलना माना जा रहा है। गर्मी के समय जो प्याज काफी सस्ती हुआ करती थी।चार सौ रुपए से लेकर पांच सौ रुपए में जो गट्टी मिल जाया करती थी वह अब 1600 से 1800 रुपए में थोक मिल रही है।लोग बरसात के महीने में इकट्ठा खरीद लिया करते थे।अब फुटकर में 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। इसका एक और कारण यह बना हुआ है कि आवक के कुछ समय पूर्व ही अचानक पानी गिर जाने से अधिकांश प्याज खराब हो गई है।बाहर दूसरे जिलों से प्याज आ रही है।यही हाल टमाटर का बना हुआ है। टमाटर दूसरे प्रांतों से आ रहा है। चूंकि इसके पूर्व भी यह 200 रुपए किलो तक पहुंच गया था।अब टमाटर 60रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है।आलू 50 रुपए प्रति किलो के साथ साथ भिंडी 60 भटा 60बरबटी 80 रुपये किलो लौकी 40रूपये नग गिलकी और शिमला एक रेट 80 रुपये किलो मिर्ची 100 रुपए और धनिया 200 रुपये किलो परमल 100 किलो तक बिक रहा है।2 से 3 रुपए प्रति नग नींबू।कठहल 40 रुपये के हिसाब से बिक रहा है। लोगों का कहना है कि अभी तो शादियां प्रारंभ नहीं हुई यदि शादी विवाह और होते तो सब्जियां और भी महंगी हो सकती थीं। आने वाले जुलाई के माह में मांग के हिसाब से इनके रेट बढ़ने की अशंका बनीं हुई है। तेंदूखेड़ा में सागर और होशंगाबाद जिले से अधिकांश सब्जी आया करती है।जिस सप्ताह किसान कम सब्जी लेकर आते हैं उस सप्ताह और अधिक दाम बढ़ जातें हैं। वैसे भी तेंदूखेड़ा का सब्जी बाजार अब 50 प्रतिशत ही रह गया है। राजमार्ग तरफ का बाजार दिनों दिन सब्जी बाजार के रुप में बढ़ रहा है।



## रासेयो स्वंय सेवकों ने पिलाई पोलियो दवा

**नरसिंहपुर।** स्वामी विवेकानंद शास. स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर की प्राचार्य डॉ ममता शर्मा के निर्देशन एवं रासेयो छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. ज्योत्स्ना झारिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र -छात्रा इकाई द्वारा नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन में शासकीय चिकित्सालय नरसिंहपुर एवं पराडकर हॉस्पिटल नरसिंहपुर के सौजन्य से चलाए जा रहे पल्स पोलियो अभियान में सहयोग प्रदान किया गया। इस अभियान में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. ज्योत्स्ना झारिया, डॉ. चेतना उपाध्याय, जिला चिकत्सालय से सुपरवाइजर विकास बैरागी, श्रीमती रजनी कतिया,पराडकर हॉस्पिटल से दुर्गा अहिरवार, लक्ष्मी पटैल, सरस्वती पटैल एवं स्वयं सेवकों में शिखा वर्मा, राशिका चैरसिया, श्रुति गुप्ता, वेदांत दुबे आदि उपस्थित रहे।

